# डीपीएस आसनसोल बना विजेता

संस, जागरण, कुमारधुबी : जेसीआइ चिरकुंडा–बराकर द्वारा रविवार को कुमारधुबी क्लब में ब्रेन ब्लास्ट इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कृष्ण लाल रुंगटा, संतोष अग्रवाल एवं पवन गाड्यान ने किया। क्विज प्रतियोगिता में डिनोबली मुगमा, अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा, लोयला स्कूल चिरकुंडा, एसजीडी माडर्न स्कूल चिरकुंडा, दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल, डिनोबली मैथन एवं स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा ने हिस्सा लिया। सभी स्कूल के तीन–तीन छात्र मौजूद थे। कोलकाता से आए क्विज गुरु राजीव सान्याल ने छात्रों के समक्ष सात चरणों में प्रश्न रखें। प्रतियोगिता का विजेता दिल्ली पब्लिक आसनसोल व उपविजेता अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा बना। जेसीआइ चिरकुंडा बराकर के मयंक अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष प्रिया गाड्यान के निर्देश पर पहली बार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मौके पर दीप्ति अग्रवाल, अभिषेक गाड्यान, अभिषेक गोयल, कीर्ति गोयल, साकेत तुलस्यान आदि मौजूद थे।